हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 12 मई 2025

06 नेशनल लोक अदालत में 1072 लोगों को मिला लाभ



08 कियोस्क संचालकों की सतर्कता से लोगों को ...





## खबर संक्षेप

### जिलाधिकारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए जिले में पदस्थ विभागों के जिलाधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया है। आदेश में उल्लेख है कि विशेष परिस्थितियों में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर से अवकाश स्वीकृति के बाद ही मुख्यालय छोड़ना सुनिश्चित करेंगे।

### भू-खंडों आवंटन के लिए आवेदन 15 तक आमंत्रित

**विदिशा।** गंजबासौदा तहसील क्षेत्र का औद्योगिक क्षेत्र कंजना में रिक्त भूखंडों के आवंटन हेतु आनलाइन आवेदन 15 मई तक निर्धारित पोर्टल पर शाम 5 बजे तक आमंत्रित किए गए हैं। आमंत्रण की प्रक्रिया एक मई से खुली है जिसकी अंतिम तारीख 15 मई की शाम 5 बजे तक का समय नियत किया गया है। आवेदन एवं जानकारी विभागीय पोर्टल mpmsme. gov.in पर उपलब्ध है, इसके अलावा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विदिशा से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### ढाई घंटे में बेतवा से 3 ट्रॉली कचरा निकाला

**विदिशा।** बेतवा की सफाई के लिए श्रमदान किया जा रहा है। करीब ढाई घंटे में तीन ट्रॉली कचरा निकाला गया। बेतवा उत्थान समिति के प्रमुख अतुल शाह ने नदी के कटाव को रोकने की योजना बताई। कर्मचारी संघ के सदस्यों ने नदी के घाटों से पन्नी और अन्य कचरा निकाला। उन्होंने स्थानीय लोगों से नदी में कचरा न डालने की अपील की। श्रमदान में सहयोग की अपील की गई है।

### वेयरहाउस में रखी गेहूं की बोरियां ट्रक में भरकर हो गए थे रफूचक्कर

# गेहूं चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार एक ट्रक सहित 571 गेहूं की बोरियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा/नटेरन

गेहूं चोरी के मामले में नटेरन पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपियों से कुल 31 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया गया है। 10 मई को फरियादी अंसार पिता जरदार खान निवासी गंजबासौदा ने नटेरन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 4 मई को उन्होंने एवं वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के कर्मचारी सुमित सुमन ने ऐंचदा सोसायटी की 1 लाख 68 हजार 45 गेहूं की बोरियां वेयरहाउस में रखीं थीं। सुरक्षा के लिए बृजमोहन अहिरवार को तैनात किया गया था। 8 मई को शाखा प्रबंधक आरडी शर्मा एवं फरियादी ने वेयरहाउस खोलकर निरीक्षण किया तो 571 बोरियां कम पाई गईं। जिनकी अनुमानित कीमत 7 लाख 42 हजार 300 रुपए थी। संदेह के आधार पर बृजमोहन अहिरवार के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान बृजमोहन ने स्वीकार किया कि उसने प्रेमनारायण कुशवाह और ट्रक ड्राइवर गब्बर उर्फ मुकेश विश्वकर्मा के साथ मिलकर ट्रक क्रमांक एमपी 40 जेड़बी 6069 के माध्यम से गेहूं की बोरियां चोरी कीं और बासौदा पुरानी मंडी में ट्रक खड़ा कर दिया।

### 8 मई को शाखा प्रबंधक के निरीक्षण के दौरान कम थी बोरियां



**विदिशा।** गेहूं चोरी के तीन आरोपियों को पुलिस ने ट्रक सहित गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपी बृजमोहन अहिरवार निवासी छापू, हाल एचदा, प्रेमनारायण कुशवाह निवासी बिछिया, हाल सिरोंज, गब्बर उर्फ मुकेश विश्वकर्मा निवासी पीकलोंन, हाल सिरोंज से ट्रक सहित 571 गेहूं की बोरियां बरामद की गईं। जिनकी कुल 31 लाख का मशरूका जब्त किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय गंजबासौदा में पेश किया गया।

### जैन मंदिर में चोरी का प्रयास विफल

**विदिशा।** शनिवार रात चोरों ने दो स्थानों पर चोरी का प्रयास किया। रामद्वारा स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चोरों ने रात 2:57 बजे दरवाजे का ताला तोड़कर प्रवेश किया। मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के कारण चोर कुछ चुरा नहीं पाए। मंदिर समिति के पदाधिकारी सुरेंद्र जैन ने बताया कि चोरों ने 15-20 मिनट तक चोरी का प्रयास किया। उन्होंने दरवाजे को नुकसान पहुंचाया और हैंड ड्रॉप को क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह पुजारी के आने पर घटना का पता चला। शहर में चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। नागरिकों ने जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग एसपी रोहित काशवानी से की है।

## कपड़ा शोरूम से ब्रांडेड कपड़े और एक लाख रुपए चुराए

**विदिशा।** शनिवार की रात चोरों ने तिलक चौक स्थित एक कपड़ा शोरूम को भी निशाना बनाया। वहां से उन्होंने तिजोरी में रखे एक लाख रुपए नकदी और ब्रांडेड कपड़े चुरा लिए। सीएसपी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस जांच में जुटी है और चोरों की तलाश की जा रही है। शहर के भीतर और बायपास क्षेत्र की कॉलोनियों को चोर निशाना बना रहे हैं। बीते कुछ दिन पहले बायपास पर एक निर्माणाधीन कॉलोनी में भी चोरों ने धावा बोलकर दो घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोर रात के समय बायपास पर सक्रिय रहते हैं और रात का समय यहां खुले ढाबों और होटलों पर बिताते हैं। जैसे ही आधी रात गुजर जाती है तो वह सक्रिय हो जाते हैं और चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। बायपास स्थित कॉलोनियों के निवासियों ने एसपी से बायपास पर चौकी स्वीकृत करने की मांग की है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि जब तक चौकी स्वीकृत नहीं होती एक 100 डायल वाहन को अहमदपुर बायपास पर खड़ा किया जाना चाहिए। वहीं बायपास की कॉलोनियों में पुलिस गश्त भी कराई जाना चाहिए।

# 436 शिक्षकों को पोर्टल पर अतिशेष घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले के 436 शिक्षकों को पोर्टल पर अतिशेष घोषित कर दिया गया है। जिनके स्थानांतरण की तैयारी चल रही है। 16 मई आवेदन करने की आखिरी तारीख है।

जबकि पिछले सत्र में अतिशेष शिक्षकों को अन्य स्कूल आवंटित किए जा चुके हैं। अचानक से इतने अतिशेष शिक्षक पोर्टल पर दिखाए जाने लगे हैं, जिससे शिक्षक भी हैरान हैं। संकुल, बीईओ, डीईओ कार्यालयों की गलती के कारण पोर्टल की त्रुटियों में सुधार नहीं करने से सैंकड़ों शिक्षक अतिशेष की श्रेणी में आए हैं। जिससे शिक्षकों में रोष है। इस संबंध में शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा बैठक पृथ्वी सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में हुई। शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा ने तय किया किया मंगलवार को डाइट परिसर में दोपहर 12 बजे एकत्रित होकर जिला शिक्षाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

बैठक में मनोज शर्मा, उमराव सिंह कुशवाह, नवल सिंह रघुवंशी, राजेश दीक्षित, चन्द्रभूषण किरार, विजय श्रीवास्तव, सौदान सिंह अहिरवार, केजी राय, राकेश जैन आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला शिक्षाधिकारी आरके ठाकुर का कहना है कि अतिशेष की वास्तिवक जानकारी सभी बीईओ से ली जा रही है। पोर्टल पर सारी चीजें अपडेट नहीं हैं। जिसके कारण भी ऐसा हो सकता है।

### गुलाबगंज पुलिस को मिली सफलता

# दो वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

फरार और स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए एसपी रोहित काशवानी ने निर्देश दिए हैं।

सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना गुलाबगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 11 मई को थाना प्रभारी निरीक्षक मोहर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम कानून व्यवस्था भ्रमण पर थी, तभी टीम को स्थायी वारंटी के संबंध में सूचना मिली। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच वर्षों से फरार स्थायी वारंटी अभिषेक अहिरवार पिता मोहर सिंह अहिरवार उम्र 20 वर्ष निवासी भड़ेरु अजीजपुर को गिरफ्तार किया।

### गिरफ्तार कर आरोपी को भेजा गया जेल

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय विदिशा में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल विदिशा भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहर सिंह, प्रधान आरक्षक चन्द्रभान सिंह, आरक्षक आशीष कुमार एवं आरक्षक दिनेश रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही।

# शमशाबाद में 24 घंटे में 6 मिमी बारिश, तापमान 37 डिग्री पहुंचा

### मौसम विभाग ने जताई 14 तक वर्षा की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रविवार को मौसम का मिजाज बदला नजर आया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे, जिससे कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई । बीते 24 घंटों में जिलेभर में औसतन 0.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। शमशाबाद में सर्वाधिक 6 मिमी और गुलाबगंज में 1 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

मौसम विभाग के मुताबिक, आगामी चार दिनों तक प्रतिदिन 10 से 15 मिमी वर्षा होने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि 13 मई को विशेष राहत मिल सकती है। मौसम विज्ञानी सतेन्द्र सिंह तोमर के अनुसार यह बदलाव उत्तर-पश्चिम से आने वाली हवाओं के प्रभाव के चलते हुआ है।

### मई में तापमान के गिरावट का बना रिकार्ड

शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि रविवार को न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। विशेषज्ञों के अनुसार इस साल मई में तापमान में रिकॉर्ड गिरावट देखी गई है। 5 मई को अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि मई में एक दशक के भीतर सबसे बड़ी गिरावटों में से एक मानी जा रही है। अप्रैल के अंत में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। हालांकि, लटेरी, विदिशा, पठारी, बासौदा, सिरोंज, कुरवाई, नटेरन और ग्यारसपुर में अब तक कोई वर्षा दर्ज नहीं हुई है।

# आपस में कार टकराईं, 12 घायल, 4 की हालत गंभीर

### दोनों वाहन तेज रफ्तार होने के कारण हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

मानोरा में रविवार सुबह 7 बजे सड़क हादसे में 12 बाराती घायल हो गए। ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 146 बारातियों से भरी कारों में आमने-सामने की टक्कर हुई।

हादसा इतना भीषण था कि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया। बारात भोपाल से सागर की ओर तूफान गाड़ी से जा रही थी। वहीं दूसरी कार सागर से विदिशा की ओर जा रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार के कारण सड़क हादसा हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के



अनुसार दुर्घटना के समय दोनों गाड़ियां तेज गति से चल रही थीं। अचानक से सड़क पर मोड आ जाने के कारण कारें टकराईं। बाराती से भरी तूफान कार में 6 पुरुष पांच महिलाएं और एक बच्चा था। दूसरी कार में दो लोग सवार थे। दूसरी कार के दोनों लोगों को मामूली चोटें आई हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस सड़क हादसे की जांच कर रही है।

# स्वेच्छानुदान निधि से कुरवाई विधायक ने 18 लाख व विदिशा विधायक ने 7 लाख 30 हजार स्वीकृत किए

### विदिशा विधायक की अनुशंसा पर 74 और कुरवाई विधायक ने 181 को राशि स्वीकृत की

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विधायक स्वेच्छानुदान निधि के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त आवंटन के तहत जिले की दो विधानसभा के विधायकों की अनुशंसा पर 255 हितग्राहियों को कुल राशि 25 लाख 32 हजार 600 रुपए के स्वीकृति आदेश जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के जिला योजना अधिकारी द्वारा जारी किए गए हैं। विदिशा विधायक मुकेश टंडन की अनुशंसा पर 74 हितग्राहियों को विधायक स्वेच्छानुदान निधि की राशि में से 7 लाख 30 हजार 100 रुपए स्वीकृति आदेश जारी कर दिए गए हैं। कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे की अनुशंसा पर 181 हितग्राहियों को कुल 18 लाख 2 हजार 500 रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति के आदेश जारी किए जा चुके हैं।

### 13 को कलेक्टर की जनसुनवाई सिरोंज में

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता और विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी मंगलवार 13 मई को सिरोंज में आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदकों की समस्याओं का समाधान करेंगे। गौरतलब हो कि कलेक्टर हर विकासखंड मुख्यालय की जनसुनवाई में मौजूद रहेंगे।

# सात्विक प्रवृत्ति से हम अपना जीवन निर्वाह करेंगे तो भगवान भी हमारी सहायता करेंगे: उमाकांत शर्मा

### नरसिंह जयंती के अवसर पर ग्राम ओखलीखेड़ा में आयोजित समारोह में सम्मिलित हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭आनंदपुर

विधायक उमाकांत शर्मा नरसिंह जयंती के अवसर पर ग्राम ओखलीखेड़ा नरसिंह मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर सच्चे धर्माचरण और भक्त प्रहलाद



जैसे सच्ची भक्ति का संकल्प लें, समाज, देश और धर्म की रक्षा करें। विधायक शर्मा नरसिंह मंदिर के अध्यक्ष सहित समस्त न्यासियों को मंदिर और मंदिर परिसर के उत्कृष्ट निर्माण और अच्छी व्यस्थाओं के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आग्रह किया कि हमारे देवालयों, मठ, मंदिरों को सनातन धर्म का संस्कार केन्द्र बनना चाहिए। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष जगदीश पाराशर, वरिष्ठ अधवक्ता भैंरोसिंह जादौन, सूरज प्रसाद श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य माखनसिंह जादौन, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश शर्मा, बृजभूषण सिंह चौहान, माखनसिंह यादव, आनंदपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### आज मनेगा महर्षि भृगु जयंती महोत्सव

**गंजबासौदा।** बैशाख शुक्ल पूर्णिमा सोमवार को भृगु जयंती के अवसर पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महर्षि भृगु जन्म महोत्सव सुबह 9.30 बजे बरेठ रोड कालाबाग स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें सभी स्वजातीय बंधुओं से सपरिवार शामिल होने की अपील की है।

### नपा लगा रही खुले नल कनेक्शन में टोंटी

**गंजबासौदा।** नगर में चल आवर्धन योजना से मिलने वाली जल सप्लाई के अपव्यय को रोकने के लिए नगर पालिका जल विभाग ने अभियान शुरू किया है। अब उपभोक्ताओं के कनेक्शन में नाल की टोंटियां लगवाई जा रही हैं। बेतवा नदी श्रमदान दल के सदस्य आकाश जैन ने नगर पालिका को पत्र देकर पानी की बर्बादी रोकने की मांग की थी। नगर में जल सप्लाई के दौरान कई उपभोक्ता खुले पाइपों में मोटर लगाकर पानी भरते हैं। बाद में मोटर हटा लेते हैं, लेकिन पाइप खुला छोड़ देते हैं। इससे लगातार पानी बहता रहता है, जो नालियों में जाकर बर्बाद होता है। पानी की इस बर्बादी और जल संकट को देखते हुए श्रमदान दल ने पहल की। नगर पालिका ने ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान शुरू कर दी है, जहां पानी की बर्बादी हो रही है। चिन्हित कनेक्शनधारियों से टोंटियां लगवाई जा रही हैं।

### विद्युत केवल में लगी भीषण आग

**गंजबासौदा।** गत दिवस रात्रि के के समय राधा कृष्णपुरम के समीप मुख्य मार्ग बरेठ रोड पर एक विद्युत पोल की केबल में आग लग गई। आग तेजी से फैलकर आसपास की अन्य केबलों तक पहुंच गई। राहगीरों ने विद्युत पोल से आग की लपटें निकलते देख तुरंत विद्युत कंपनी के कर्मचारियों को सूचित किया। सूचना मिलते ही विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई। इसके बावजूद केबल लाइन से करीब आधे घंटे तक आग की लपटें निकलती रहीं। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। विद्युत आपूर्ति बंद होने के बाद पानी की तेज बौछार से आग पर नियंत्रण पाया गया। रहवासियों का कहना है कि विद्युत पोल पर प्रचार-प्रसार के लिए छोटे-छोटे होर्डिंग लगे थे। आग लगने पर पास का एक होर्डिंग भी जल गया, जिससे आग और तेजी से फैली। विद्युत विभाग के कर्मचारियों के अनुसार, गर्मियों के मौसम में लाइनों में लोड बढ़ने के कारण इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। इस घटना के कारण क्षेत्र की विद्युत देर तक बंद रही।


### बिजली की आंख मिचौली बनी परेशानी

**गंजबासौदा।** विगत तीन चार दिनों से बिजली की आंख मिचौली नगरवासियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। नागरिकों ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बगैर सूचना की कभी भी बिजली का प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे उपभोक्ताओं बगैर पंखा, कूलर, एसी के परेशान होना पड़ रहा है। लोगों ने विद्युत मण्डल से अघोषित कटौती बंद करने की मांग की है।

## दो करोड़ सैतालीस लाख नब्बे हजार दो सौ उन्यासी रुपए राजस्व वसूली

# नेशनल लोक अदालत में 1072 लोगों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





शनिवार को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुराग द्विवेदी, अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश, राकेश कुमार ठाकुर प्रथम जिला न्यायाधीश, विमलेश मुडैया द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, आफरीन युसुफजई तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ संजीव चौहान, प्रदीप लाहोरी, राकेश अरोरा अधिवक्ता, उप महाप्रबंधक विद्युत विभाग, नगरपालिका के अधिकारीगण सहित अन्य अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित थे। लोक अदालत में बैंक प्रीलिटिगेशन के 1000 प्रकरण रखे गये थे। जिसमें से 06 प्रकरण निराकृत हुए एवं 1884170 रूपये (अठारह लाख चौरासी हजार एक सौ सत्तर रूपए) की समझौता राशि प्राप्त हुई। विद्युत प्रीलिटिगेशन 1500 प्रकरण रखे गये थें जिसमें से 71 प्रकरण निराकृत हुये और 7,96000 रूपये (सात लाख छियानवे हजार रूपये) की समझौता राशि प्राप्त हुई। नगर पालिका के 1000 प्रकरण रखे गये थे जिसमें से 552 प्रकरण निराकृत हुये है और 992416 रूपये (नौ लाख ब्यानवे हजार चार सौ सोलह रूपए) की समझौता राशि प्राप्त हुई। दूरसंचार विभाग के 100 प्रकरण रखे गये जिसमें 06 प्रकरण निराकृत हुए एवं 17300 रूपये (सत्रह हजार तीन सौ रूपए) की समझौता राशि प्राप्त हुई।

न्यायालय के कुल 539 प्रकरण नेशनल लोक अदालत में में निराकरण हेतु रखे गये थे, जिसमें से 220 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें कुल दो करोड ग्यारह लाख तीन सौ तिरानवे रूपये की राशि प्राप्त हुई। नेशनल लोक अदालत में कुल प्रकरण लंबित प्रलिटिगेशन 4139 जिसमें से 855 निराकृत हुए जिनसे समझौता राशि 2,4790279 दो करोड सैतालीस लाख नब्बे हजार दो सौ उन्यासी रूपए प्राप्त हुई एवं 1072 व्यक्ति लाभान्वित हुए।

### दो पक्षों में कराया राजीनामा

**गंजबासौदा।** गांव बलराकला में एक ही परिवार के सदस्यों के बीच जमीन, दरवाजे और रास्ते को लेकर 2015 से विवाद चल रहा था, यह मामला सिविल कोर्ट में लंबित था। वर्तमान में यह विवाद एडीजे अनुराग दुबेदी की अदालत में अपील क्रमांक 32/22 आरसीए हमीर सिंह बनाम खिलान सिंह के नाम से विचाराधीन था। न्यायाधीश अनुराग दुबेदी ने दोनों पक्षों को समझाइश दी। अपीलीय अधिवक्ता सुनील भावसार और प्रतिवादी अधिवक्ता महेंद्र सिंह तोमर के प्रयास से दोनों पक्षों में राजीनामा हुआ। यह समझौता 10 मई 2025 को लोक अदालत के माध्यम से हुआ। राजीनामे के बाद दोनों पक्षकारों ने अदालत में एक-दूसरे से गले मिलकर पुराने मनमुटाव खत्म किए। भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद न करने का प्रण लिया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को पौधे वितरित किए।

## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में समर कैंप का किया जा रहा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा के निर्देश पर विद्यालय में समर कैंप का आयोजन 1 से 20 मई तक किया जा रहा है। जिसमें बच्चे योगा, कबड्डी, चित्रकला, बैडमिंटन, संगीत, नृत्य एवं गायन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तथा समय समय पर विभिन्न विधाओं के लिए प्रशिक्षकों आमंत्रित किया जा रहा है। विद्यालय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के लिए स्वच्छ और ठंडे जल के लिए वाटर कूलर भी लगाया गया है। इस शिविर में उत्कृष्ट विद्यालय के अतिरिक्त अन्य बच्चे भी प्रशिक्षण ले रहे हैं। शिविर के समापन पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे, साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन छात्र छात्राओं को शील्ड भी प्रदान की जाएगी।

### सुहानी साहू का सुयश

**गंजबासौदा।** नगर के मॉडल पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 की छात्रा इंद्रा नगर वॉर्ड नंबर 14 निवासी सुहानी पुत्री संतोष संध्या साहू ने 97.6% अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्रा की इस उपलब्धी पर विद्यालय परिवार एवं परिजनों ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## अज्ञात व्यक्ति ने टपरे में लगाई आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के वार्ड 21 में खिन्नी वाले बगीचे में रात्रि के समय अज्ञात व्यक्ति ने ध्रुव पराशर के गाय के टपरे में आग लगा दी। जिससे टपरे में बंधी दोनों गाय बुरी तरह झुलस गई और भूसा भी जल गया। वहीं गाय के लिए बनाया गया कच्चा टपरा आग लगने से पूरी तरीके से जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित ध्रुव पाराशर ने बताया कि 8 दिन पहले भी किसी ने इस टपरे में आग लगाने का प्रयास किया गया था, लेकिन समय से देख लिया गया जिससे अनहोनी बच गई। देर रात फिर किसी ने गाय के टपरे में आग लगा दी जिससे उन्हें हजारों का नुकसान हो गया तथा दोनों गाय बुरी तरह से झुलस गईं।

## धामोनी वाले बाबा के सालाना उर्स में रात भर चलता रहा कव्वालियों का शानदार मुकाबला

**सागर।** सर्वधर्म कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद मोहम्मद इश्हाक बली शामी उर्फ बाबा बालजति शाह रह.अलैह धामौनी वाले बाबा के तीन दिवसीय सालाना उर्स के दूसरे दिन शनिवार को कव्वाली प्रोग्राम के उद्घाटन के साथ ही वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये मध्य प्रदेश शासन के जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुये तमाम रात कब्बालीयों का प्रोग्राम चलता रहा।कव्वाली कार्यक्रम की शुरुआत में क्षेत्रीय विधायक एवं उर्स कमेटी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार,दरगाह प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर एवं आमंत्रित अतिथिगणों के द्वारा फीता काटकर कव्वाली कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम उपरांत हिंदुस्तान के मशहूर फनकार नईम साबरी कब्बाल पार्टी और नुसरत खानम कब्बाला पार्टी के बीच तमाम रात कव्वाली एवं गजलों का शानदार मुकाबला चलता रहा।



## विभाग की लापरवाही का परिणाम शिक्षक क्यों भुगतें

### शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शिक्षक संघर्ष संयुक्त मोर्चा की बैठक मोर्चे के जिलाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए रघुवंशी ने कहा कि संकुल बीईओ और डीईओ ऑफिस द्वारा बार-बार शालाओं में पदस्थ शिक्षकों की जानकारी मांगी जाती है। जिसे शिक्षक साल में कम से कम 10 बार उपलब्ध कराते हैं पर यह जानकारियां इनके द्वारा पोर्टल पर अपडेट नहीं करने के कारण कई शालाओं में पद न होते हुए भी पद दर्शाया गया और शिक्षक की पोस्टिंग कर दी गई। एक विषय के दो दो शिक्षक भेज दिए गये, इसके उपरांत शाला में पूर्व से पदस्थ शिक्षक को अतिशेष कर दिया गया। जबकि गलत स्थानांतरण या नियुक्ति बाद में आने वाले शिक्षक की है, इसके लिए दोषी कौन है। हद तो तब हुई जब उच्च पद प्रभार के शिक्षकों का पदनाम न बदलने से उन्हे भी अतिशेष कर दिया। मोर्चे में उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, उमरावसिंह कुशवाह, राजेश दीक्षित ने कहा शिक्षक को अधिकारियों द्वारा अतिशेष कर किए गये ट्रांसफर को हम सहन नही करेंगे। विभाग की लापरवाही का परिणाम शिक्षक क्यों भुगतें।

मोर्चे के नबलसिंह रघुवंशी, सौदान सिंह सूर्यवंशी, विजय श्रीवास्तव, चन्द्रभूषण किरार ने कहा कि शिक्षक हित हमारा पहला कर्तव्य है। हमारे विभाग के अधिकारी यह ध्यान रखे हमे कितना भी संघर्ष करना पड़े हम तैयार हैं। महामंत्री राय ने बताया बैठक में तय किया गया कि मंगलवार को डाइट परिसर मे एकत्रित होकर दोषपूर्ण अतिशेष शिक्षकों के सम्बंध मे जिला शिक्षाधिकारी को आगाह किया जायेगा। यदि समाधान पूर्ण निर्णय नही होता है तो हम हर संघर्ष के लिए तैयार हैं, सभी अतिशेष शिक्षक आवेदन सहित डाइट परिसर में उपस्थित हों।

## पाठक संघ ने महाराणा प्रताप व गोखले की जयंती मनाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में महाराणा प्रताप एवं गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जन्म 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ किले में हुआ था। उनके पिता का नाम उदय सिंह द्वितीय था और माता का नाम जयबनता बाई था। उन्होने 1572 मेवाड़ की गद्दी संभाली जीवन पर्यंत मुगलों के खिलाफ रहे और कभी भी अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। वहीं देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म महाराष्ट्र की रत्नागिरी जिले में मराठी ब्राह्मण परिवार में हुआ था उन्होंने उत्तर भारत में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पुणे में सर्वेंट ऑफ दी इंडिया सोसाइटी की स्थापना उन्होंने सैकड़ो स्कूल और पुस्तकालय खोलें और रात्रि कालीन कक्षाएं स्थापित की। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर ए. के. रोहिले, नरेंद्र जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में चंद्रभान सिंह राजपूत, कृष्ण कुमार जैन ,दिलीप देसाई, जगदीश तिवारी, देवेंद्र कुशवाहा, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

### श्रमदान दल ने बेतवा नदी से निकाली कीचड़ और गंदगी

# बेतवा नदी के रिपटा घाट पर चला सफाई अभियान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 के तहत श्रमदान दल के सदस्यों द्वारा सुबह के समय बेतवा नदी के रिपटा घाट पहुंचकर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान एक ट्रॉली कचरा निकाला गया। तेज गर्मी और धूप के बावजूद श्रमदान दल के सदस्य सफाई में जुटे रहे। श्रमदान दल के सदस्य आकाश जैन ने बताया कि दल में अधिकांश सरकारी कर्मचारी हैं।

रविवार की छुट्टी का उपयोग वे बेतवा नदी की सफाई में करते हैं। एक दर्जन से अधिक सदस्यों ने मिलकर करीब एक ट्रॉली कचरा निकाला। सफाई के दौरान सबसे अधिक मात्रा में धार्मिक अनुष्ठान की सामग्री मिली। इसके बाद दूसरे नंबर पर पॉलिथीन की मात्रा सबसे ज्यादा थी। श्रमदान दल लंबे समय से यह अभियान चला रहा है। दल के सदस्य सफाई के साथ-साथ लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं। वह बेतवा घाट पर आने वाले लोगों को समझा रहे हैं कि पॉलीथिन पर्यावरण के लिए हानिकारक है। नदी में पॉलीथिन डालने से जलीय जीव प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह बंद किया जाना चाहिए। इस अवसर पर श्रमदान दल के अनेक सदस्यगण मौजूद रहे। जिन्होंने बेतवा नदी पर स्नान करने आने वाले लोगों को नदी में कूड़ा, कचरा न डालने एवं नदी को प्रदूषित न करने की समझाईश दी गई तथा बेतवा नदी के सफाई अभियान में सहयोग करने की अपील की गई।

## कलेक्टर का आदेश: सोशल मीडिया माध्यमों पर भ्रामक खबरें प्रसारित न करें लोग

**सागर।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गयी कार्यवाही से उद्भुत परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों पर भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं/पोस्ट/वीडियो/रील्स अपलोड/फारवर्ड किये जा रहे हैं। ऐसी अपुष्ट खबरों के प्रसारण से आमजन में आक्रोश एवं तनाव पैदा होने तथा कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की संभावना बनी हुई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी आर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत लोक हित में तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति / संस्थाएं सोशल मीडिया (फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर आदि) पर ऐसी कोई भी भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं / पोस्ट/वीडियो/रील्स को अपलोड एवं फारवर्ड/ वायरल नहीं करेगा/ करेगी। यदि जांच के दौरान कोई भी व्यक्ति ऐसी पोस्ट अपलोड/फारवर्ड करने में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 एंव अन्य सुसंगत अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकेगी। यह आदेश सागर जिले में रह रहे प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिशः तामील कराया जाना संभव नहीं है। अतः सार्वजनिक माध्यमों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार पत्रों के माध्यम से यह आदेश सर्व साधारण को अवगत कराया जा रहा है। आयुक्त नगर निगम, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आदेशित किया है कि यह उक्त आदेश का प्रचार प्रसार विभागीय संसाधनों से कराना सुनिश्चित करें। उक्त आदेश आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 एवं आयुध अधिनियम 1959 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

म.प्र. शासन एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मान्यता प्राप्त
श्रीमती रतनबाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंजबासौदा
नर्सरी से कक्षा 12 इंग्लिश एवं हिन्दी माध्यम
PROPEL
Smart Classroom
प्रवेश प्रारंभ
कक्षा 11 एवं 12 अंग्रेजी माध्यम आर्ट्स, मैथ्स, सांइस
स्मार्ट लर्निंग से अपने बच्चे की असली क्षमता को उजागर करें।
सिरोंज रोड, पेट्रोल पंप के पास, गंजबासौदा, जिला विदिशा (म.प्र)
Phone : 07594-220401 E-mail : smtratanbaijainschool@yahoo.in

### बारिश के मौसम में तो भगवान भरोसे ही दुकान पर बैठना पड़ता है : गोस्वामी

# दर्जन भर से अधिक जर्जर भवन पर नपा नहीं दे रही ध्यान, बड़े हादसे को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर में स्थित जर्जर मकानो की यदि बात की जाए तो इनके गिनती एक दर्जन से भी अधिक है। शहर के कई इलाकों में बाबा आदम के जमाने में बने पुराने मकानों में लोग जान हथेली पर रखकर निवास कर रहे हैं। तो वही आने वाले बारिश के मौसम को देखते हुए यह जर्जर भवन आम नागरिको के लिए परेशानियो और टेंशन का कारण बने हुए है।

शहर में स्थित कुछ जर्जर मकानो के हालात तो ऐसे है कि यह मकान कब और किस को अपना शिकार बना लें यह कोई नही कह सकता। विगत एक सप्ताह से क्षेत्र में तेज हवा,पानी की स्थिति देखी जा रही है। जिस कारण आम नागरिको को क्षतिग्रस्त व जर्जर भवनो के सामने से निकलने में भी डर लगने लगा है। हर साल बारिश की सीलन से मकानों की नींव और छज्जा कमजोर होता जा रहा है। बावजूद इसके लोग इन मकान खाली करने को तैयार नहीं हैं।



## नोटिस देकर भूल जाती है नपा

नगर के वार्ड क्रमांक 14 ढाल बाजार पर एक मकान कई वर्षो से जर्जर हालात में है। तो वही वरिष्ठ समाजसेवी श्रीराम मालवीय ने बताया कि मेरी दुकान से पास एक मकान कई वर्षो से क्षतिग्रस्त व जर्जर हालत में है। लेकिन लेकिन नपा द्वारा उक्त मकान को तोडने की कार्यवाही आज तक नही की गई। नगर पालिका ने शहर के कई वर्षों पुराने मकानों को क्षतिग्रस्त घोषित कर रखा है और नपा इन मकान मालिको को सिर्फ नोटिस देकर भूल जाती है। मकान मालिक भी इसे गंभीरता से नहीं लेते।

यदि समय रहते इन जर्जर भवनो को नहीं ढहाया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वही उन्होने कहा कि नगर पालिका द्वारा प्रतिवर्ष बारिश के पूर्व शहर में स्थित जर्जर भवनो का सर्वे किया जाता है। साथ ही इन जर्जर भवनो के मालिको को नोटिस भी नपा द्वारा दिए जाते है। लेकिन नपा की यह कार्यवाही सिर्फ नोटिस तक ही सीमित रह जाती है।

### नोटिस जारी करेंगे

शहर में जहां जहां जर्जर मकान है उनका सर्वे कराकर मकान मालिको को नोटिस दिया जाएगा। नोटिस जारी होने के बाद यदि मकान मालिको द्वारा उक्त मकानो को नही तुड़वाया गया तो नगर पालिका द्वारा कार्यवाही की जाएगी।

**राम प्रकाश साहू,**
सीएमओ, नगर पालिका परिषद सिरोंज।

### किसी हादसे का इंतजार कर रहे नपा के जिम्मेदार

*वार्डवासी धमेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि यदि देखा जाए तो शहर के प्रत्येक वार्ड में ऐसे कई जर्जर भवन है जो कि कभी भी बारिश के मौसम में गिर सकते है। इन जर्जर भवनो के सामने से प्रतिदिन आम नागरिको का आवागमन होता है। जिसके चलते यह भवन कभी भी आम नागरिको को ऊपर गिर सकते है। इन जर्जर भवनो की जानकारी भी नपा के पास है। फिर भी न जाने नपा आखिर किस बडें हादसे का इंतजार कर रही है। नपा द्वारा हर वर्ष सिर्फ सर्वे के नाम पर कागजो में ही कार्यवाही कर ली जाती है। जिस कारण इन जर्जर भवनो के गिरने का डर आम नागरिको को प्रतिदिन सताता रहता है। उन्होने कहा कि में बारिश के मौसम से जब में अपनी दुकान पर बैठता हू तो दुकान के सामने स्थित जर्जर भवन के गिरने का डर हमेशा बना रहता है। साथ ही यह भवन मुख्य बाजार के समीप होने के कारण जहा से प्रतिदिन हजारो नागरिको का आना जाना लगा रहता है।*

### बारिश में घर ढहने का खतरा

*भवन निर्माण से जुड़े जानकार बताते हैं कि भारी बारिश में पुराने घरों की नींव और दीवार में पानी बैठने की वजह से जमीन धंसकने का डर रहता है। पुराने मकान बारिश में ढहने की आशंका ज्यादा रहती है। तेज आंधी-तूफान के दौरान कंपन होने की वजह से मकान अचानक ढह जाते हैं। इंजीनियर अनुसार जर्जर आवासों में रहना खतरे से खाली नहीं है।*

# बाल ब्रह्मचारी दिशा और नेहा दीदी ने फास्ट फूड को त्यागने की प्रेरणा

### ग्रीष्मकालीन शिक्षण शिविर में बच्चों को दी सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



दिगम्बर जैन पंचखनी जैन मंदिर में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिक्षण शिविर में बच्चों को पूजन और भक्ति का महत्व जा रहा है। तो वही शिविर में बाल ब्रह्मचारी दिशा दीदी एंव नेहा दीदी द्वारा जीवन में विनय का महत्व व विनय का अर्थ समझाते हुए कहा कि अपने आत्मा को निर्मल कर जिन्होंने कर्म रूपी मल को धो लिया और अन्य जीवों को संसार से पार होने के लिए सही रास्ता बताया। ऐसे भगवान की पूजा करना चाहिए भगवान की भक्ति करने से हमारे जन्म जन्म के बंद कर्म नष्ट हो जाते हैं। भगवान की निष्ठा पूर्वक भक्ति करने वालों का भवसागर से तर जाता है। यदि हमारी श्रद्धा भक्ति सच्ची और अटूट होगी तो छोटा सा मंत्र भी बड़ा काम करेगा।

उन्होंने कहा कि भगवान की पूजा में अष्ट द्रव का बड़ा महत्व है अपने अस्ट कर्म को नष्ट करने के लिए अष्ट द्रव्यों का उपयोग किया जाता है। द्रव्यों के माध्यम से पूजा करने से भक्ति का आनंद मिलता है। वही उन्होने कहा कि कभी भी भगवान की शरण में जाओ तो खाली हाथ मत जाओ कम से कम पुष्प लेकर जरूर जाओ। पांच प्रकार के मंगल हमारे जीवन में पंच परमेश्वर है उनका ध्यान करने से और उनका मंत्र जाप करने से हमारे कर्म करते हैं जिसको लेकर बच्चों को समझाइए दी। साथ ही बाजार से डिब्बा बंद वस्तुओं का सेवन न करें यदि जरूरत पड़े तो खाने से पूर्व उनके शाकाहारी पदार्थ होने की पुष्टि कर लें। फास्ट फूड खाने से हमारा धर्म भी नष्ट होता है और शरीर में भी कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती हैं इसलिए शुद्ध भोजन घर का ही करें। फास्ट फूड में केमिकल और पेस्टिसाइड्स होते हैं जो हमारे शरीर को घातक होते हैं इसलिए हमें फास्ट फूड नहीं खाना चाहिए। इस मौके पर पाठशाला में मौजूद सभी बच्चों को फास्ट फूड त्याग करने की प्रेरणा दी।

वहीं उन्होंने कहानी के माध्यम से बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में उठाना चाहिए जो बच्चे ब्रह्म मुहूर्त में उठकर पढ़ते हैं उन्हें जल्दी याद होता है रात में पड़ा हुआ 3 घंटे का जो समझ में आता है वह सुबह उठकर एक घंटे में समझ में आ जाता है सभी बच्चों को अपना जीवन अच्छा बनाना है तो रात में जल्दी सोना चाहिए और सुबह जल्दी उठकर भगवान का ध्यान करके अपने दिन की शुरुआत करना चाहिए। सारे ब्रह्मांड को धन्यवाद देना चाहिए और जीवन में धन्यवाद का बहुत महत्व हैं।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**सिरोंज।** नगर के लटेरी रोड स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025 26 हेतु विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया का प्रथम चरण प्रारंभ हो गया है। तो वही इच्छुक अभ्यर्थी 01 मई 2025 से 01 जून 2025 तक ऑनलाइन या महाविद्यालय में आकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। संस्था में प्रवेश के लिए न्यूनतम अहर्ता 10वीं उत्तीर्ण है। साथ ही प्रवेश के लिए पात्रता, संस्था में संचालित पाठ्यक्रम सिविल इंजीनियरिंग,मैकेनिकल इंजीनियरिंग,इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग हेतु आवेदन प्रक्रिया और महत्वपूर्ण तिथियों के संबंध में अधिक जानकारी महाविद्यालय में एवं महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। संस्था में समस्त वर्गों के पात्र विद्यार्थियों के लिए शासन की विभिन्न छात्रवृत्ति




योजनाओं की पात्रता के साथ साथ शत प्रतिशत रोजगार की व्यवस्था भी रहेगी। ज्ञात हो कि संस्था के विभिन्न विद्यार्थी अंतर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय स्तर पर तथा शासकीय-अशासकीय उपक्रमों के कार्यरत है। वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा के माध्यम से रोजगार के क्षेत्र में सर्वाधिक अवसर है। अभ्यर्थियों आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया को पूरा करें एवं प्रायोगिक तथा तकनीकी शिक्षा का लाभ उठाएं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम में जल चौपाल संपन्न

**सिरोंज।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था प्याराखेडी एंव जय मां जन सेवा समिति सेक्टर पथरिया द्वारा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर ग्राम पंचायत प्याराखेड़ी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें संस्था प्रमुख देवेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान चल रहे है जो कि 30 अप्रैल से 30 जून तक चलेगा।

इसके अंतर्गत कुआं बाबडी आदि जल स्त्रोतों का संरक्षण किया जाना है। जल संरक्षण व संवर्धन के लिए वर्षा जल संग्रह करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं का निर्माण व पुरानी जल संरचनाओं की साफ-सफाई और



उनके संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। जल के महत्व पर संवाद, संगोष्ठी, परिचर्चा, रैली, शपथ, रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से संस्था लोगों में जागरूकता का कार्य कर रही है। इस अवसर पर ग्रामीण शेर सिंह लोधी ने कहा कि हम सभी को जल संरक्षण का कार्य अपना कार्य मानकर करना है। रामसेवक लोधी ने कहा कि जैंसे हमारे गांव में नल जल योजना है उसकी टोंटी खुली न छोड़ें पानी व्यर्थ बर्बाद न होने दें। विवेक लोधी ने भी अपने विचार रखते हुए बताया कि आज भूजल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है ये चिंता का विषय है। इस पर हमें विचार करने की आवश्यकता है हम सभी आज संकल्प लेकर जाए कि हम जल संरक्षण के लिए खुद के साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करेंगे। इस मौके पर डॉ रतन सिंह राजपूत,किशोरी लाल,बब्लू लोधी,शिवचरण पंथी,दयाराम लोधी,अमित लोधी,सोहन सिंह,ब्रजेश सिंह,करीम खां,मनमोहन सिंह, शिवकांत, नरेश आदि ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण पुंसवन संस्कार का किया आयोजन

### आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई की रस्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सेवा भारती के संस्थापक स्व. विष्णु कुमार जी के जयन्ती सेवा सप्ताह के अंतर्गत सेवा भारती द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सेवा भारती एवं गायत्री परिवार के द्वारा गायत्री मंदिर परिसर में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पुंसवन संस्कार का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सभी गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी की गई।

गर्भवती महिलाओं के स्वा. शिविर मे डॉ. आयुषी पवार के नेतृत्व में डॉ. अनामिका, डायटीशियन अमृता भाटी, टेक्नीकल, फार्मासिस्ट इत्यादि की टीम द्वारा 35 गर्भवती महिलाओं का स्वा. परीक्षण कर उन्हें आहार बिहार का मार्गदर्शन दिया गया। गायत्री परिवार के पुरोहित चंदन सिंह धाकड द्वारा 20 महिलाओं का पुंसवन संस्कार कराया गया। गर्भस्थ शिशु के तेजस्वी बुद्धिमान और सुसंस्कृत होने के लिए माताओं को संयमित दिनचर्या, स्वाध्याय, पौष्टिक खानपान, सात्विक, चिंतन मनन पाठन की दिनचर्या अपनाने की




सलाह दी गई।

### गर्भवती की गोद भराई

कार्यक्रम के दौरान सेवा भारती की ओर से सभी गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म की गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं, गायत्री परिवार से अनूप सिंह राजपूत, विजयंत रघु. का विशेष सहयोग रहा। सेवा भारती के जिला सचिव बीएस किरार, सदस्य हीरेन्द्र मालवीय, का मार्गदर्शन, सेवा भारती बरेली के सचिव अवधनारायण सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में किशोर सिंह ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, दिलीप राठौर एवं नगर में संचालित हो रहे संस्कार केन्द्रों की शिक्षिकाओं की उपस्थिति ओर सहयोग रहा।

### भारत की सेना को नमनकर मनाया जश्न की गई जमकर आतिशबाजी

# पाकिस्तान पर सेना व पीएम मोदी का करारा प्रहार

### भारत माता की महाआरती में सम्मिलित हुए राज्यमंत्री पटेल, लगाए जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पहलगाम में निर्दोष भारतीयों का पाक परस्त आतंकवादियों द्वारा हमला और हत्या के जबाव में प्रहार आतंकवादियों के अड्डो को नष्ट करने और मारे जाने पर सेना के शौर्य को सलाम करने रविवार की शाम दीनदयाल परिसर पर भारत माता की महाआरती का हिउस, हिन्दू संगठनो और भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य आयोजन किया गया। भारत माता की महाआरती कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक और प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल सम्मिलित हुए।

आतंकवाद पर प्रहार - पिछले दिनों में भारत की सेना द्वारा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान के भीतर घुस कर आतंकवाद के अड्डो को नष्ट किया गया। जिससे पूरा पाकिस्तान और आतंकवादी दहल उठे। भारत का तो कोई नुकसान नहीं हुआ परंतु पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डो, एयरबेस तहस नहस और आतंकवादी जरूर मारे गए। भारत की सेना के शौर्य को सलाम करते हुए उपस्थित सेकडो लोगो द्वारा जश्न मनाया गया, आतिशबाजी की गई और भारत माता की झांकी सजा कर महाआरती की गई। जिसमें राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, हिउस के अध्यक्ष दिनेश बवेले, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, व्यापारी संघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, नपं. अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, नपं. के पार्षदों, प्रतीक द्विवेदी, मनोज राजपूत, चन्द्रभान कुशवाहा, अमरीश व्यास, हिमकर उपाध्याय सहित भारी संख्या में युवाओं विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनो के पदाधिकारियों, व्यापारियों की उपस्थिति रही।

### अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**सागर।** वर्तमान हालातो को देखते हुए कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्यक्ष संयुक्त कलेक्टर आरती यादव ने सागर रेलवे स्टेशन पहुंचकर सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। जिले में सुरक्षा के प्रबंध करने के निर्देश दिए।

**न्यायालय अपर आयुक्त भोपाल संभाग, भोपाल**

रा.अ.प्र.क. 988/ए/20-21 भोपाल, दिनांक 7/5/2025

बटनलाल आ. श्री जुगल किशोर कोली, निवासी-काला महल सिरोंज तहसील सिरोंज, जिला विदिशा। ..................अपीलार्थीगण

विरुद्ध

1- बाबूलाल आ. श्री जुगल किशोर कोली, निवासी काला महल सिरोंज तहसील सिरोंज, जिला विदिशा एवं अन्य.............प्रत्यर्थीगण

**सूचना पत्र**

1. बाबूलाल आ. श्री जुगल किशोर कोली, निवासी काला महल सिरोंज तहसील सिरोंज, जिला विदिशा। ,2. कलाबाई पत्नि मुलदे पाण्डे, निवासी कष्टमपथ सिरोंज, तहसील सिरोंज, जिला विदिशा।, 3. ऋषि पुत्र सुरेश अग्रवाल निवासी जोशीपुरा लटेरी, तहसील लटेरी जिला विदिशा।, 4 हेंवतसिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह, , 5. बीनादेवी पत्नि अशोक कुमार निगम, 6. दिनेश पुत्र मुंशीलाल निगम, , 7. अशोक कुमार पुत्र बृजभूषण निगम, , 8. महेश कुमार पुत्र बृजभूषण निगम, , 9 . रामनारायण पुत्र मनालाल निगम, , 10. जवाहर सिंह पुत्र रामदयाल, , 11. गोपाल बाबू पुत्र बाबूलाल, 12. शिवचरण पुत्र जगन्नाथ प्रसाद, , 13. जगन्नाथ पुत्र धन्नालाल, , 14. सपनादेवी पुत्र हरभजन सिंह, , 15. सुरेश कुमार पुत्र बृजमोहन, , 16. सरिता पत्नि मोहर सिंह शर्मा, , 17. शिवकुमार पुत्र लक्ष्मीप्रसाद, , 18. नारायण पुत्र केशरीप्रसाद, सभी क्रमांक-04 से 18 तक निवासी भवानी. नगर सिरोंज जिला विदिशा।, 19. श्रीमती रानी पत्नि संतोष शर्मा, निवासी ग्राम नयापुरा सिरोंज विदिशा।, 20 भवानी सिंह पुत्र तौजीलाल रघुवंशी , 21 द्रोपती बाई वेवा दीवान सिंह, निवासी ग्राम बगरौदा सिरोंज, विदिशा।, 22. रणधीर सिह पुत्र दौलत सिंह दागी निवासी ग्राम भवानी नगर सिरोंज, विदिशा।, 23. आजाद पुत्र राजामल जैन, ग्राम नयापुरा सिरोंज विदिशा।, 24. संजीव कुमार पुत्र महेश कुमार माथुर, निवासी छत्रीनाका सिरोंज , 25. हरिशंकर पुत्र किशनदास, निवासी ग्राम रोहिलपुरा सिरोंज विदिशा।, 26. प्रदीप पुत्र बाबूलाल जैन, निवासी ग्राम भवानी नगर सिरोंज विदिशा। , 27. बलवीर पुत्र रामचरण रघुवशी निवासी-लिंक रोड सिरोंज विदिशा।, 28. प्रहलाद पुत्र रामचरण रघुवशी, निवासी लिंक रोड सिरोंज विदिशा। , 29. श्रीमती देवकीनंदनी पत्नि भारत सिंह रघुवंशी, , 30. श्रीमती मंजू पत्नि खेमचंद व्यास , 31. जगदीश पुत्र पूरनचंद दांगी, , 32 मीराबाई पत्नि राजाराम कुशवाह, , 33. रामकृष्ण पुत्र भूरेलाल कोली, निवासी भवानी नगर सिरोंज विदिशा।, 34. मुकेश पुत्र लालचंद जैन निवासी कष्टमपथ सिरोंज, तहसील सिरोंज विदिशा।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी बटनलाल आ. श्री जुगल किशोर कोली, निवासी-काला महल सिरोंज तहसील सिरोंज, जिला विदिशा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील सिरोंज जिला विदिशा के द्वारा अपील प्रकरण क्र 201/अपील/2019-20 में पारित आदेश 24/12/2020 के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की गई है।

2/- अतः इरा न्यायालय में दिनांक 01/06/25 को प्रातः 11:00 बजे आप स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उक्त प्रकरण से संबंधित अभिलेख राहित अनिवार्य रूप से उपस्थित हो। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध विधिवत एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

3/ - यह सूचना आज दिनाक 28/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्र से जारी किया गया।

**( ऊषा परमार)**
**अपर आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल**

# शांति समिति की बैठक में कहा-अफवाहों से रहें सावधान

### थानें में बताया साइबर अटेक से बरतें सतर्कता, एपीके फाइल डाउनलोड न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव, गोलाबारी ड्रोन अटेक और युद्ध जैसी बननी स्थिति से सतर्क रहने साइबर अटेक से सावधान रहने आमजन को सलाह दी गई। थाना प्रांगण में एसडीएम संतोष मुदगल की अध्यक्षता मे हुई शांति समिति की बैठक में नियमों का पालन करते हुए सरकार और प्रशासन को सहयोग का आग्रह अधिकारियों ने किया।

**अफवाहों पर न दें ध्यान** - बैठक के दौरान अधिकारियों ने सभी लोगो से अफवाहों पर ध्यान न देंने, शोसल मीडिया में गलत पोस्ट शेयर, फोरबर्ड करने और यदि कोई ऐसा करता है तो तत्काल सूचना देने का आग्रह किया। मकान मालिकों से किरायेदारों की पुलिस को सूचना देने, घरो में कम लाइटें जलाने अनावश्यक रूप से वाहन न रहने की सलाह दी गई।

**एपीके फाइल ब्लूलाइन डाउनलोड न करें** - बैठक के दौरान थाना प्रभारी कपिल



गुप्ता ने कहा कि मोबाइल में एपीके फाइल या ब्लू लाइन की फाइल डाउनलोड न करें। रक्षा मंत्रालय ने साइबर अटेक की चेतावनी दी है। पाकिस्तान साइबर अटेक कर सकता है, इसलिए सतर्कता और सावधानी जरूरी है। हिउस के अध्यक्ष दिनेश बवेले ने पुलिस की रात्रि गस्त बढाने की मांग की। बैठक में मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष अंसार पटेल, व्यापारी संघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, राधेश्याम पालीवाल, सहित विभिन्न संगठनों संस्थाओं के पदाधिकारियों, व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों की उपस्थिति रही।

# गर्मी का असर नर्मदा मैया के जल स्तर पर पड़ा, गिरावट से दिखने लगी रेत

### आज वैशाख पूर्णिमा तटों पर डुबकी लगाने रहेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

प्रत्येक पूर्व, त्योहार पर क्षेत्र के नर्मदा तटो पर पहुंच कर हजारो नर-नारियों द्वारा पुण्य सलिला मॉ नर्मदा में स्नान करने, पुण्य की डुबकी लगाने की प्राचीन परंपरा चली आ रही है। आज सोमवार को वैशाख माह की पूर्णिमा पर देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के नर्मदा तटो पर पुण्य की डुबकी लगाने, नर्मदा मैया के पवित्र जल में स्नान करने हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहने की संभावना है।

### नर्मदा मैया का जल स्तर कम

गर्मी के दिनों में जिस प्रकार भूमिगत जल स्तर कम हो रहा है। उसी के अनुसार नर्मदा मैया के जलस्तर में भी कमी आने के साथ रेत भारी मात्रा में दिखलाई देने लगी है। जब कभी भी जबलपुर के पास स्थित बरगी डेम का पानी छोडा जाता है, तो नर्मदा मैया का जल स्तर जरूर बढ़ जाता है। नर्मदा मैया के दौनों किनारो पर 20-25 कि.मी. दूर तक बसे नगरो गांवो में नर्मदा मैया की जल प्रदाय योजनाए भारी संख्या में संचालित होने का भी असर जल स्तर पर पडता है।



### रेत का भारी उत्खनन

देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों में दर्जनो नर्मदा रेत खदानें है। जिनसे प्रतिदिन भारी मात्रा में मनमाने ढंग से मनचाहे स्थानों से नर्मदा रेत का प्रतिबंध के बाद भी मशीनों से उत्खनन और ओव्हर लोड मात्रा में वाहनो से परिवहन होता रहता है। कभी नर्मदा मैया के अनेक प्रकार के जलीय जीव पाए जाते थे, परंतु निरंतर गंदगी मिलने, खतरनाक रासायनिक तत्वों की अधिकता से अन्य जलीय जीव तो क्या मछलियां भी दिखलाई नहीं देती है। नर्मदा तटो पर श्रद्धालुओं द्वारा घरों की पूजन सामग्री, पन्नियां डाले जाने का असर भी नर्मदा मैया के जल पर पड रहा है। नदी नालों के माध्यम से नगरो, गांवो की गंदगी गंदा पानी भी सीधे नर्मदा मौ में पहुंचने से नर्मदा जल की गुणवत्ता प्रभावित होने, प्रदूषित होने की स्थिति बन रही है।

**कार्यालय - रिटर्निंग अधिकारी जय भारत मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्यादित गरेंठा जिला विदिशा**

पंजीयन क्र0 1022. दिनांक 22.08.2015

// आमसभा की सूचना//

संस्था के सभी सदस्यो को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु विशेष आमसभा दिनांक 25.05.2025 को समय 11 बजे से 03:00 बजे तक सोसाईटी कार्यालय गरेंठा पर आयोजित की जावेगी। दिनांक 16.05.2025 को समय 11.00 से 01.00 बजे तक संस्था कार्यालय गरेंठा पर नामांकन पत्र संस्था सचिव श्री गोविन्द सिंह द्वारा लिए जावेगे। दिनांक 17.05.2025 को नामांकन पत्रों की जांच 02:00 बजे से जांच पूर्ण होने तक की जावेगी। दिनांक 19.05.2025 को समय 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेगे, तत्पश्चात चुनाव चिन्हों का आवंटन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जावेगा आमसभा व निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना सभी सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

**(किशोर कुमार अहरवाल)**
**रिटर्निंग अधिकारी**
**जय भारत मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्यादित गरेंठा**

## खबर संक्षेप

### महामंत्री बनने पर गोयल का किया स्वागत

**चापडा।** भाजपा संगठन कर्णेश्वर मंडल करनावद अध्यक्ष जसपाल सिंह सेंधव द्वारा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव के निर्देशन में मंडल कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें नप करनावद उपाध्यक्ष राजेश गोयल को मंडल महामंत्री बनाया गया।गोयल को मंडल महामंत्री बनने पर नगर करनावद परिषद अध्यक्ष परसराम पाटीदार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान गोयल ने कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया हैं, वह संगठन की उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे, इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मनाया जैन शासन स्थापना दिवस

**चापडा।** जैन शासन स्थापना दिवस के पावन अवसर पर अ. भा. जैन श्वेताम्बर युवक महासंघ व नवरत्न परिवार के आव्हान पर जैन श्री संघ चापड़ा द्वारा बागली रोड स्थित जैन मंदिर पर युवक महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य राजेश दुग्गड के संयोजन मे जैन शासन स्थापना दिवस के उपलक्ष में शासन ध्वज वंदन गीत गाकर ध्वजारोहण किया गया। जैन श्री संघ चापड़ा के अध्यक्ष सन्तोष बरडिया ने इतिहास बताते हुए कहा कि आज के एक दिन पूर्व भगवान महावीर स्वामी को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ था, और वैशाख सुदी ग्यारस को प्रभु ने गौतम स्वामी आदि 11 गणधर को दीक्षा देकर शासन की स्थापना की थी।

### साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट मामलों में चल रहे अभियान का दिखा असर

# कियोस्क संचालकों की सतर्कता से लोगों को ठगों के चंगुल में फंसने से बचाया

साइबर फ्रॉड से आम नागरिकों को बचाने हेतु एसपी गेहलोद द्वारा जारी "ऑपरेशन साइबर" के तहत सौ से अधिक आवेदनों पर सफलता मिली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा नागरिकों को साइबर फ्रॉड से बचाने एवं फ्रॉड राशि फरियादी को पुनः वापस करवाने हुतु "ऑपरेशन साइबर" चलाया जा रहा है । जिस हेतु गृह मंत्रालय द्वारा सायबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 एवं साइबर सेल देवास द्वारा हेल्पलाईन नम्बर 7587611376 जारी किया गया है, जिस पर आवेदक फ्रॉड होने या धमकी भरे कॉल आने की स्थिती में तत्काल सहायता प्राप्त कर सकता है जिससे की आम नागरिको को फ्रॉड होने से बचाया जा सके। इसी क्रम में निम्न लोगो को सायबर फ्रॉड होने से बचाया गया ।



#### फर्जी लिंक के माध्यम से अश्लील वीडियो और ठगी का प्रयास

एक छात्र को मोबाइल पर एक फर्जी लिंक प्राप्त हुआ,जिस पर क्लिक करने पर अश्लील वीडियो प्रदर्शित हुआ बाद में उसे फोन आया कि उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो रही है और छात्र से 28,000 की मांग की गई। छात्र यह राशि जमा करने सतवास के जन्नत कियोस्क सेंटर पहुंचा। कियोस्क संचालक शाबिर खान ने छात्र को समझाइश देकर राशि जमा करने से रोका तथा फर्जी लिंक से सावधान रहने की सलाह दी, जिससे छात्र साइबर ठगी से बच गया।

#### भैंस खरीदी के नाम पर ठगी का प्रयास

एक व्यक्ति से ऑनलाइन भैंस खरीदने के नाम पर 65,000 की सौदेबाज़ी की गई,जिसमें 10,000/- एडवांस मांगे गए । जब वह व्यक्ति यह राशि जमा करने कियोस्क पर पहुंचा,तो कियोस्क संचालक शाबिर खान ने पुनः सतर्कता बरतते हुए लिंक को फर्जी बताते हुए उसे ठगी से बचा लिया ।

#### पुलिस बनकर ठगी का प्रयास

कियोस्क संचालक अरविन्द गुर्जर के पास एक व्यक्ति आया और घबराहट में बताया कि उसका बेटा पुलिस की हिरासत में है और उसे छुड़ाने के लिए 28,000 ऑनलाइन भेजने को कहा गया है। गुर्जर ने तत्काल जांच करते हुए संबंधित युवक से संपर्क किया,जिसने स्पष्ट किया कि वह पूरी तरह सुरक्षित है । इस प्रकार अरविन्द गुर्जर की सतर्कता से 28,000 की ठगी को रोका गया। तीनों मामलों में कियोस्क संचालकों की सतर्कता और सूझ-बूझ ने आम नागरिकों को साइबर फ्रॉड से बचाया गया। उनके इस सराहनीय कार्य हेतु थाना प्रभारी सतवास बी.डी. बीरा द्वारा दोनों कियोस्क संचालकों को थाना परिसर में बुलाकर माला पहनाकर सम्मानित किया गया एवं उनके इस सराहनीय कार्य हेतु प्रशंसा की गई। उल्लेखनीय है कि जिलेवासियों को सायबर फ्रॉड से बचाने हेतु पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा जारी ₹ऑपरेशन सायबर₹ के तहत ज़िला पुलिस सायबर सेल ने 1 नवंबर 2024 से लेकर आज दिनांक तक कुल 120 अनावेदकगणों से सम्पर्क कर उनके साथ कुल 1,49,52,875/- रूपये की राशि का फ्रॉड होने से बचाया गया है।

# बिना अनुमति बज रहे डीजे पर पुलिस ने की कार्रवाई

**4 डीजे संचालकों के वाहन जब्त**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के द्वारा डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध,ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियमानुसार प्रयोग एवं रात्रि 11:00 बजे के बाद कोलाहल पर पूर्ण निषेध के संबंध में निर्देश दिये गये है साथ ही जिला दण्डाधिकारी देवास ऋतुराज सिंह द्वारा आदेश क्रमांक 1286/एडीएम/रीडर/एफ-40/2025, देवास, दिनांक 07.05.2025 के माध्यम से बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आगामी दो माह हेतु डी.जे./ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं । आदेश के उल्लंघन पर बीएनएस 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित भी किया गया है ।जिस पर थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध निरन्तर कार्यवाही कर रही है।

इसी क्रम में गुरुवार की रात्रि में थाना औद्योगिक क्षेत्र को विभिन्न स्थानों पर शादी/बारात में तेज आवाज में डी.जे. बजाने की सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर बालगढ़ रोड, पालनगर चौराहा, ढांचा भवन और गणेशपुरी पार्ट-2, में डीजे जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। जप्त वाहन एवं उपकरण विधिवत न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

### शिविर का अवलोकन कर बस्तों का किया वितरण



**देवास।** कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में हिंद फौज द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का आयोजन चल रहा है। शिविर के अंतर्गत खेल ग्राउंड से भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने स्कूली बस्तो का वितरण कार्यक्रम की शुरूआत की। संस्था मानस एवं हिंद फौज के बच्चों ने वंदे मातरम, भारत माता की जय के साथ भारत के वीर सैनिकों को याद कर युद्ध में जीत गई प्रार्थना की। खंडेलवाल द्वारा स्कूली सत्र में 5 हजार बस्तो का निःशुल्क वितरण किए जाने का लक्ष्य रखा है। पूर्व जिलाध्यक्ष श्री खण्डेलवाल ने कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में चल रहे हिंद फौज के खेल शिविर का अवलोकन कर बच्चों के उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए बैग वितरण की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद आलोक साहू, भाजपा नेता राहुल गोस्वामी, हिंद फौज कमांडर जितेंद्र गोस्वामी, संस्था मानस से राजेश पटेल, हेमंत शर्मा, डा. आर जुगल किशोर राठौड़ उपस्थित थे। स्कूली बैग का सेवा बस्ती में लगातार किया जाएगा एवं किसी जरूरतमंद बच्चों को बस्ते की आवश्यकता है तो वह संस्था कार्यालय में संपर्क कर सकता है। संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों को बस्ते के साथ स्टेशनरी भी उपलब्ध कराई जाएगी।


# विद्युत कंपनियों के पेंशनरों की महंगाई राहत में वृद्धि के आदेश हुए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों के पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशन धारकों के लिए पुनरीक्षित महंगाई राहत (डीए) के आदेश मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) द्वारा जारी कर दिए गए हैं। अब पेंशनरों को 6वें वेतनमान में 7 प्रतिशत तथा 7वें वेतनमान के अनुसार 3 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ प्राप्त होगा। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता अतुल जोशी ने बताया कि यह आदेश मध्यप्रदेश शासन के ज्ञाप क्रमांक एफ 9-2/2025/नियम/चार दिनांक 08.05.2025 के अनुसार जारी किया गया है, जो 01 मार्च 2025 से प्रभावी होगा। आदेश के अनुसार, सभी पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर, जिनमें मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी एवं पेंशनर/परिवार पेंशनरों के साथ मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल से दिनांक 01 जून 2005 के पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर भी शामिल हैं, को 6वें वेतनमान के अनुसार 239 प्रतिशत की जगह 246 प्रतिशत एवं 7वें वेतनमान के अनुसार 50 प्रतिशत की जगह 53 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जाएगी। यह आदेश 80 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी लागू होगा। महंगाई राहत की गणना पेंशन के उस मूल अंश पर की जाएगी जो समर्पण (कम्यूटेशन) से पूर्व निर्धारित की गई थी।

# शिवपुराण कथा निरस्तः पंडित मिश्रा बोले प्रशासन की गाइडलाइन का किया पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भारत-पाकिस्तान तनाव को देखते हुए झारखंड में होने वाली शिव पुराण कथा को रद्द कर दिया है। यह कथा बाबा चरैया नाथ धाम, ग्राम मुर्मू में 13 से 17 मई 2025 को दोपहर 1 से 4 बजे तक आयोजित होने वाली थी। झारखंड के राँची-गुमला फोरलेन पर आयोजन होना था। पंडित मिश्रा ने प्रशासन की गाइडलाइन और मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया है। उन्होंने सभी लोगों से देश के वीर सैनिकों के सम्मान में भगवान शिव को एक लोटा जल अर्पित करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने सभी से भारत माता की जय का उद्घोष करने का आह्वान किया है। कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने वर्तमान हालातों को देखते हुए झारखंड में होने जा रही श्री शिव पुराण कथा को निरस्त कर दिया है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा है कि प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए कथा को निरस्त किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि देश के वीर सैनिकों के सम्मान में भगवान शिव जी को एक लोटा जल अवश्य चढ़ाएं और भारत माता की जय का उद्घोष करते रहें। यह कथा 13 से 17 मई 2025 समयः-दोपहर 1से 4 बजे तक बाबा चरैया नाथ धाम ग्राम-मुर्मू, राँची- गुमला फोरलेन गुमला, झारखण्ड में होने वाली थी।

# विधायक ने लिखा था पत्र, अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना व्यवस्था होगी लागू

**प्रधानमंत्री को लिखा था विधायक सुदेश राय ने अनुशंसा पत्र, वित्त राज्य मंत्री ने दिया जवाब**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लाखों सरकारी कर्मचारियों की सालों पुरानी मांग को पूरा कराने में भाजपा विधायक सुदेश राय ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया है। केंद्र ने एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस के क्रियान्वयन की अनुमति दे दी है और जल्दी ही मध्य प्रदेश सरकार भी पुरानी पेंशन स्कीम ओपीएस की बहाली करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा विधायक सुदेश राय के द्वारा 29 जनवरी 2025 को पुरानी पेंशन योजना लागू करने के संबंध में पत्र लिखा गया था। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा विधायक सुदेश राय को इस संबंध में मांग पत्र सौपा गया था। विधायक सुदेश राय के द्वारा पत्र में कर्मचारियों की सम्पूर्ण सेवा अवधि एवं सेवा निवृत्ति पर होने वाली आर्थिक हानियों को दृष्टिगत रखते हुऐ सहानुभूतिपूर्वक विचार कर नई पेंशन योजना को बंद कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए अनुशंसा की गई थी। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने विधायक सुदेश राय के द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे पत्र का जबाव दिया है, जिस में उन्होने कहा है कि सरकारी कर्मचारियों की पेंशन की समीक्षा के लिए गठित एनपीएस समिति की सिफारिशों के आधार पर, केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत एक विकल्प के रूप में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के कार्यान्वयन को अनुमति दे दी है और प्रदेश सरकार को भी सुचित किया गया है यह योजना 1 अप्रेल 2025 से लागू की जा चुकी है।

मध्य प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को उचित कार्रवाई के लिए आपके पत्र को भी अग्रसारित कर दिया गया है। कार्यकारी जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ कुंदनलाल राय ने इस संबंध में कहा कि 1 जनवरी 2004 से केन्द्र में नियुक्त एवं 1 जनवरी 2005 से मध्यप्रदेश राज्य में नियुक्त होने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना ओपीएस बंद करके नई पेशन योजना एनपीएस लागू की गई है जिस का संघ के द्वारा लम्बे समय से विरोध किया जा रहा है इस संबंध में सीहोर के भाजपा विधायक सुदेश राय को केन्द्रीय एवं राज्य कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया था। विधायक सुदेश राय ने प्रधानमंत्री को अनुशंसा पत्र लिखकर देश के साथ प्रदेश के भी लाखों अधिकारियों कर्मचारियों के लिए उत्कृष्ट कार्य किया है उनके प्रयास से केंद्र ने एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस के क्रियान्वयन की अनुमति दे दी है पुरानी पेंशन योजना लागू होने से प्रदेश के लाखों अधिकारियों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

# जिले के निजी महाविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता व अन्य समस्याओं का हो निराकरणः राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के जिला संयोजक बलवीर राजपूत के नेतृत्व में जिले के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, सीहोर के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि जिले में संचालित विभिन्न निजी महाविद्यालयों में व्याप्त गंभीर अनीयमित्ताऐं देखने को मिल रही है।

जिनमें प्रमुख है शैक्षणिक गुणवत्ता में लगातार गिरावट तथा नियमित पाठ्यक्रम संचालन में असंगतियाँ। विद्यार्थियों से निर्धारित नियमों के विपरीत अनियमित एवं असंगत शुल्क वसूली। शैक्षणिक एवं प्रशासनिक महत्वपूर्ण पदों पर अयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति। प्रयोगशालाओं एवं पुस्तकालय की उपेक्षित एवं असंतोषजनक स्थिति। महाविद्यालय प्रशासन में लापरवाही एवं पारदर्शिता की कमी के साथ ही बुनियादी सुविधाओं में स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता, समुचित शेड्यूल सहित कई अनियमित्ताऐं देखी गई है। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इन निजी महाविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है और विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य असमंजस में है।

अभाविप ने मांग की है कि उक्त अनियमित्ताओं को गंभीरता से लेते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच-पड़ताल करवाकर आवश्यक कार्यवाही कर उक्त समस्याओं को त्वरित निराकरण कराया जावे। साथ ही अभाविप ने चैतावनी भी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर इन निजी महाविद्यालयों की अनियमित्ताओं का सुधार कर समस्याओं को निराकरण नही कराया गया छात्र हित में आन्दोलन भी किया जावेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनुराग पारे, आदि शर्मा, कशिश सिमोलिया, प्रमोद त्यागी, खुशाल मोटवानी, मंयक चन्देल आदि उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय लोक अदालत का श्री सत्य साईं कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक निरीक्षण**

# वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली की कार्यप्रणाली को समझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज, सीहोर के विधि संकाय के छात्रों ने शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिला न्यायालय सीहोर का शैक्षणिक निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को न्यायिक प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष समझ, वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली की कार्यप्रणाली तथा लोक अदालतों के सामाजिक महत्व से अवगत कराना था। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ. मुकेश तिवारी द्वारा कार्यक्रम को संरक्षण प्रदान किया गया।कार्यक्रम में न्यायिक एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के कई प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें शामिल थे।

प्रकाश चंद्र आर्य, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वप्नश्री सिंह, न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर हेमंत जोशी, विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी), सीहोर एम.के.वर्मा, जिला न्यायाधीश, सीहोर जीशान खान, जिला विधिक सहायता अधिकारी, सीहोरस्कूल ऑफ लॉ की डीन डॉ. अमृता सोनी एवं विभागाध्यक्ष शोभा व्यास ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।छात्रों ने लोक अदालत की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा, जिसमें मामलों की सुनवाई, सुलह प्रक्रियाएं, तथा विवादों का त्वरित समाधान सम्मिलित थे। यह अनुभव छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा, जिससे उन्हें न्यायिक प्रणाली की व्यवहारिक बारीकियों को समझने का सुअवसर प्राप्त हुआ।लोक अदालतें, भारत की न्याय व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो आमजन को तेजी से, सुलभ और कम खर्चीला न्याय प्रदान करने हेतु स्थापित की गई हैं। इनका उद्देश्य लंबी न्यायिक प्रक्रियाओं से बचाते हुए विवादों का समाधान सहयोगात्मक वातावरण में करना है।छात्रों की भागीदारी से न केवल उन्हें कानूनी प्रक्रिया का अनुभव मिलता है, बल्कि उन्हें विवाद समाधान कौशल, संवाद कला, तथा सामाजिक न्याय के प्रति संवेदनशीलता जैसे गुणों का भी विकास होता है। साथ ही, यह अवसर उन्हें न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं के अनुभवों से सीखने तथा विधिक क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।सरकारी अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति लोक अदालत की पारदर्शिता और प्रभावशीलता को और अधिक सुदृढ़ करती है।

उनका सहयोग यह सुनिश्चित करता है कि जनसामान्य को उनके अधिकारों की सटीक जानकारी मिले और उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सके।इस प्रकार, विश्वविद्यालय के छात्रों एवं अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी न केवल विधिक शिक्षा को प्रायोगिक रूप से समृद्ध करती है, बल्कि समाज में न्यायिक जागरूकता बढ़ाने का भी कार्य करती है। यह पहल विद्यार्थियों को भविष्य में सक्षम विधिक पेशेवर जैसे कि वकील, न्यायाधीश या विधिक सलाहकार बनने के लिए प्रेरित करती है।

# गुरु टेकचंद महाराज के जन्मोत्सव पर 12 मई को निकलेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री दामोदर तरुण फैन्स क्लब दर्जी समाज सीहोर के तत्वाधान में श्री श्री 1008 गुरु टेकचन्द जी महाराज का जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं भव्य चल समारोह 12 मई सोमवार को शाम 6 बजे जगदीश मंदिर चौराहा सब्जी मंडी से निकाला जाएगा इसके पश्चात आरती एवं प्रसादी वितरण रात 9 बजे सुंदर गार्डन पटेल मार्केट सुगर फैक्ट्री चौराहा सीहोर पर आयोजित किया जाएगा जानकारी देते हुए श्री दामोदर तरुण फैन्स क्लब अध्यक्ष प्रभात माहेश्वरी एवं चल समारोह अध्यक्ष शिवम पड़िहार ने बताया कि श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के आराध्य गुरु श्री श्री 1008 गुरु टेकचंद जी महाराज का 277 वां जन्मोत्सव है इसी उपलक्ष्य में जन्मोत्सव कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जाएगा एवं विशाल चल समारोह निकाला जाएगा कार्यक्रम को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है ।आगे निवेदन करते हुए कहा कि कार्यक्रम में सभी समाज जन शामिल होकर कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाये ।